
# फार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा यूपी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन फरवरी को लखनऊ में फार्मा कान्क्लेव 1.0 इन्वेस्टमेंट अपार्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश का शुभारंभ करेंगे। यूपी को इन सेक्टनों को हब बनाने की तैयारी है।

उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी की ओर से पहली बार एक होटल में आयोजित फार्मा कान्क्लेव 1.0 में फार्मा इंडस्ट्री की अग्रणी कंपनियां प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को लेकर मंथन करेंगी। यूपी को फार्मास्यूटिकल व मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा।

कान्क्लेव को केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो के



**मुख्यमंत्री तीन फरवरी को करेंगे फार्मा कान्क्लेव का शुभारंभ**

माध्यम से संबोधित करेंगे।

एफएसडीए सचिव व आयुक्त डा. रोशन जैकब के अनुसार प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए फार्मा व मेडिकल डिवाइस सेक्टर को रीढ़ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार बुनियादी ढांचे, नीतिगत सुधारों व निवेशकों के अनुकूल वातावरण पर लगातार काम कर रही है।

फार्मा कान्क्लेव 1.0 में विभिन्न देशों की अग्रणी फार्मा कंपनियां हिस्सा लेंगी। इनमें रामकी ग्रुप के चेयरमैन व राज्यसभा सदस्य अयोध्या रामी रेड्डी, सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप सांघवी, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डा. रेड्डीज के चेयरमैन डा. सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पंकज आर पटेल और टोरेंट फार्मा के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता भी शामिल होंगे। कान्क्लेव के सत्रों में एमएसएन लेबोरेटरीज के एमएसएन रेड्डी, डाबर के निदेशक आदित्य बर्मन, एलकेम के निदेशक संदीप सिंह भी मौजूद रहेंगे। इन कंपनियों के साथ निवेश, उत्पादन, अनुसंधान व नवाचार की संभावनाओं पर मंथन होगा।